हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
जबलपुर, बुधवार 1 मई 2024
login : www.haribhoomi.com
पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई



## बांगई के जंगल में हो रही रेत चोरी की हरिभूमि समाचार ने प्रकाशित की थी खबर

# रेत चोरी की जांच करने पहुंचे अधिकारी के बजाए नाकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




हरिभूमि छिंदवाड़ा भूमि

कुआंबादला सर्किल में नहीं थम रहा जंगल से रेत चोरी का सिलसिला

बांगई जंगल की नदियों से हो रही रेंजर के संरक्षण में रेत चोरी

तामिया रेंज की कुआंबादला सर्किल के बांगई एवं नवरीटोला वनभूमि में बहने वाले नदी नालों से वन विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से रेत का अवैध खनन लगातार होता चला आ रहा है। इस आशय का समाचार हरिभूमि ने निर्भीकता से सचित्र प्रकाशित किया था तो विभाग के आला अधिकारियों ने इस खबर को संज्ञान में लेकर बांगई एवं नवरी टोला वन भूमि की नदियों से हुए अवैध खनन की सूचना मिलने के बाद जांच करने के लिए तामिया रेंजर को निर्देशित किया था। लेकिन ग्रामीणों से बतलाया कि मंगलवार को सुबह लगभग 9 बजे दो नाकेदार बांगई जलाशय पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार पहली नजर में ही इस नदी को राजस्व भूमि की ठहराकर अपना पल्ला झाड़ कर जंगल की नदियों से रेत का अवैध खनन नहीं होना सिद्ध करने की कोशिश की। जबकि किसी भी जांच के लिए अधिकारी को पहुंचना चाहिए जैसे की जानकारी मिल रही है। यदि नाकेदार ही जांच करेंगे तो क्या वे जांच के लिए अधिकृत है। इस तरह नवरी टोला एवं बांगई में हो रहे रेत के अवैध खनन पर पर्दा डालने के लिए वन विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सच खबर को झूठलाते हुए रेत के उत्खनन की जांच को सच झुठलाने का प्रयास कर अवैध, उत्खनन की सच्चाई पर पर्दा डालने का काम किया है। जबकि जांच में यह होता है कि इसके लिए एक दल बनता है जो संबंधित स्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण का जांच करते हैं। लेकिन ऐसा ना हो सका। इन्होंने राजस्व की भूमि ठहराकर रेत चोरों को अघोषित सहयोग कर डाला। जबकि वन भूमि से 250 मीटर तक किसी भी प्रकार का खनन प्रतिबंधित है साथ ही यदि राजस्व की भूमि में भी यदि खनन होता है तो राजस्व विभाग को सूचित करना वन विभाग कि जिम्मेदारी बनती है। लेकिन जब जांच में लिपा पोती ही करनी है तो इतनी मेहनत क्यों करें क्योंकि जंगल में हो रहे अवैध खनन की सच्चाई सामने आ रही है।

## खबर संक्षेप

### श्री बोपचे ने लिया स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा जायजा

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान के बाद छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनें शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में तीन लेयर की कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह के मार्गनिर्देशन में आज अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे और संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर द्वारा पुलिस के अधिकारियों के साथ शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा पहुंचकर विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूमों और पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

### श्री सोनवंशी की सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

**छिन्दवाड़ा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय छिंदवाड़ा में पदस्थ सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री ओ.पी.सोनवंशी मंगलवार को 38 वर्ष की शासकीय सेवा उपरांत अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। श्री सोनवंशी ने 26 जुलाई 1986 को जनसंपर्क विभाग में शासकीय सेवा ज्वाइन की थी। सेवानिवृत्ति के अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्री सोनवंशी का शॉल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया और उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। उन्होंने शासकीय दायित्व से मुक्त होने के बाद भी निरंतर सक्रिय रहकर परिवार और समाज के लिए योगदान देने के भाव व्यक्त किए। इस अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारियों के साथ ही श्री सोनवंशी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला सोनवंशी और परिजन भी मौजूद थे।

## उप संचालक ने बैठक में दिए निर्देश

# मिलेट्स फसलों के क्षेत्र, उत्पादकता वृद्धि व मार्केटिंग को बढ़ावा देने संबंधी बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय छिंदवाडा में श्री अन्न (मिलेट्स) फसलों के उत्पादन, उत्पादकता वृद्धि व मार्केटिंग को बढावा देने के उद्देश्य से जिले के ऑचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र चंदनगांव, कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगांव/देलाखारी के कृषि वैज्ञानिकों, नाबार्ड, एनआरएलएम और जिले मे कार्य कर रहे सभी एफपीओ, एनजीओ, मिलेट्स उद्यमियों और कृषि विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी खरीफ सीजन के लिये उन्नत बीज की उपलब्धता, श्री अन्न (मिलेट्स) फसलों की कतार बोनी और एडवांस प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना की रणनीति तैयार की गई। बैठक में डीन उद्यानिकी महाविद्यालय डॉ.विजय पराडकर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगांव डॉ.डी.के.श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र देलाखारी डॉ.अहिरवार, जिला प्रबंधक नाबार्ड श्रीमती श्वेता सिंह, सहायक यंत्री कृषि अभियांत्रिकी श्री समीर पटेल, अनुविभागीय कृषि अधिकारी अमरवाडा श्री सचिन जैन, अनुविभागीय कृषि अधिकारी छिंदवाडा श्री नीलकंठ पटवारी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सौसर श्री दीपक चौरसिया, सहायक संचालक कृषि श्री धीरज ठाकुर व श्रीमती सरिता सिंह, उप परियोजना संचालक आत्मा श्रीमती प्राची कौतू, सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि उद्यमी श्री सुमित राठी और अन्य एफपीओ/ एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एकलव्य आदर्श विद्यालयों की प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की जिला स्तरीय प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के 7 बिन्दुओं पर सतत समीक्षा किये जाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रबंधन समिति का गठन किया गया है । बैठक में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण/उन्नयन के संबंध में निर्माणाधीन कार्यों के 7 बिन्दुओं पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम, सहायक संचालक (शिक्षा) श्री उमेश सातनकर व सहायक यंत्री श्री दीपक कुमार सरयाम, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (सड़क), कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भवन), कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन अभियंता म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, कार्यपालन ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों हर्रई, तामिया, जुन्नारदेव व सिंगारदीप के प्राचार्यः क्रमश सर्वश्री प्रकाश कलम्बे, बलवंत सानेर, श्रीमती विद्या डेहरिया व मोहन सलामे उपस्थित थे ।



### ग्राम मडुआ की गोपालकृष्ण गौ-शाला का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार ने आज जिले के विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत रिछेड़ा के ग्राम मडुआ की गोपालकृष्ण गौ-शाला का निरीक्षण किया । गौ-शाला में 100 गौ-वंश के साथ ही पर्याप्त मात्रा में भूसा और पानी की व्यवस्था पाई गई । इस दौरान कुक्कुट पालन मैनेजर डॉ.एस.कदम, नोडल अधिकारी डॉ.योगेश कुमार सेमिल, गौ-सेवक श्री नरेन्द्र विश्वकर्मा, स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष सुश्री वर्षा यादव और सचिव सुश्री आशा नागवंशी उपस्थित थीं ।

# पैरालीगल वालेन्टियर्स के साथ वर्चुअल बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशों के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में आगामी 11 मई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के परिप्रेक्ष्य में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में प्रचार-प्रसार किये जाने के उद्देश्य से जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर ने गत दिवस जिले में नियुक्त सभी पैरालीगल वालेन्टियर्स के साथ वर्चुअल बैठक की।

बैठक में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री ठाकुर ने सभी पैरालीगल वालेन्टियर्स को निर्देश दिये कि आगामी 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि न्यायालयों में अत्यधिक संख्या में पक्षकारगण उपस्थित हो सकें और समझौते के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत जिला न्यायालय व परिवार न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई व तामिया में आगामी 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

### रामचंद्र को सेवानिवृत्ति पर दी शुभकामनाएं



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम के भरतादेव फिल्टर प्लांट पर प्रतिनियुक्त श्री रामचंद्र डोंगरे की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने से सेवानिवृत्ति पर श्री विवेक चौहान जल प्रदाय प्रभारी द्वारा जल प्रदाय एवं जल संकट में छिंदवाड़ा शहरी क्षेत्र के लिए श्री डोंगरे द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए सेवानिवृत्ति जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपयंत्री रोहित सूर्यवंशी, अभिनव कुमार तिवारी, भानु सूर्यवंशी, गितेश धुर्वे तथा प्लांट कर्मचारी अमित, दयाराम, सोमलाल, विभाजी,अजय,कन्हैया, अरविंद, नेपाल सिंह इत्यादि ने भी श्री डोंगरे की सेवानिवृत्ति जीवन हेतु अपनी शुभकामनाएं दी।

## 77 शासकीय स्कूल का किया गया चयन

**तामिया।** भारत सरकार के निर्देशानुसार टाइम ऑफ स्कूल सॉइल हेल्थ कार्यक्रम का क्रियान्वयन भारत सरकार के निर्देशानुसार टाइम ऑफ स्कूल सॉइल हेल्थ कार्यक्रम का क्रियान्वयनके अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के 77 शासकीय स्कूल का चयन किया गया है



जिसमें छिंदवाड़ा जिले के 4 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल हर्रई, बिछुआ, जुन्नारदेव एवं तामिया को चयनित किया गया है । जिसके अंतर्गत आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तामिया में विद्यालय स्तरीय मिट्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में डॉ आर सी शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र -II देलाखारी, डॉ एस के अहिरवार (कृषि वैज्ञानिक), श्री सचिन दास (सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी), श्री बी के सानेर (एकलव्य प्राचार्य), श्री प्रमोद सिंह उट्टी (अनुविभागीय कृषि अधिकारी परासिया), श्री हिमांशु विश्वकर्मा (वन परिक्षेत्र अधिकारी तामिया) , श्री योगेश उईके (वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तामिया) कृषि विस्तार अधिकारी श्री बी एल धुर्वे,श्री सुनील कुमार उईके, श्री गणेश कासदे, श्री रंजीत बागडे, श्रीमती एकता बेलवंशी, कु. रूपाली पराड़कर एवं एकलव्य विद्यालय स्टाफ में श्री रमेश मर्सकोले, श्री रोशन बारासिया, श्रीमती गिरजा बट्टी, श्रीमती सरोज उईके, श्री रोहित कवरेती, श्री मिलाप मालवी एवं संस्था के समस्त बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया।कार्यक्रम में बच्चों को एवं विद्यालय के स्टाफ को वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का महत्व, मिट्टी नमूना लेने का तरीका व सॉइल हेल्थ कार्ड पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री करने की जानकारी प्रदान की गई।

## उत्कृष्ट परिणामः घोरावाड़ी खुर्द विद्यालय के 14 विद्यार्थियों को मिलेगा लैपटॉप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं और 12 के परीक्षा फल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक घोरावाड़ी खुर्द ने अपनी ख्याति के अनुसार कक्षा 10 वीं में 74 प्रतिषत, और कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम रिकार्ड 95 प्रतिषत दिया है कक्षा 10 वीं में कक्षा के छात्रा कु.श्रद्धा कायदा और राम बेलवंषी ने 94.6 प्रतिषत तथा कु. वैष्णवी बानकर ने 94.2 प्रतिषत अंक प्राप्त कर शाला का नाम गौरवान्वित किया है कक्षा 12 वीं जय कुमार विष्वकर्मा (कृषि संकाय) में 90, कु.भूमिका प्रजापति (जीव विज्ञान) में 88 प्रतिषत ,कु.दीक्षा अटकोम (जीव विज्ञान) ने 84 प्रतिषत अंक प्राप्त कर अपना व विद्यालय का सुयष बढाया, विद्यालय के प्राचार्य संजय पटेल ने आषातीत सफलता के लिये सभी विद्यार्थियों तथा षिक्षकगण को अगले सत्र में और अधिक उत्कृष्ट परिणाम लाने के लिये कड़ा परिश्रम करने का संदेष दिया एवं सफल विद्यार्थियों को बधाइयां दी संस्था की विषेष उपलब्धि यह भी रही कि जीव विज्ञान, गणित व कृषि संकाय का परीक्षा फल 100 प्रतिषत रहा, तथा 14 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त कर शासन के लौपटॉप प्रदाय योजना में अपना नाम दर्ज किया है।

# 4 वाहनों से लिया गया 14100 रूपये का जुर्माना

### परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा नागपुर-पांढुर्णा मार्ग में की गई वाहनों की सघन जाँच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज नागपुर-पांढुर्णा मार्ग पर सभी वाहनों की बारीकी से जांच में सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि पांढुर्णा-नागपुर मार्ग पर वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 4 वाहनों से 14100 रूपये का जुर्माना लिया गया। वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने वाले एक वाहन पर चालानी कार्यवाही करते हुये 500 रूपये का शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

# 39 वर्षो की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुये डॉ. अजवानी

### ठोकरे खाने के बाद ही विनम्रता व्यक्ति के अंदर आती है - डॉ. अजवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जीवन में उतार चढ़ाव आते है, जीवन को हमेशा मुस्कुराते हुये जीना चाहिए। ठोकरे खाने के बाद ही विनम्रता व्यक्ति के अंदर आती है उक्ताशय के उद्गार डॉ. पी. अजवानी द्वारा अपने विदाई समारोह के दौरान व्यक्त किये गये। उन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान कहां कि जो जितना झुकेगा उतना ही उठेगा। जगजीत सिंह की गजल तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो, क्या गम है जिसकों छुपा रहे हो, आंखों में नमी हसीं लबों पर, क्या बात है और क्या दिखा रहे हो के माध्यम से अपने विचार भी व्यक्त किये। इसके पूर्व समारोह के दौरान महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.के. ताण्डेकर, डॉ. संगीता वाशिंगटन, प्रो. आर.डी. वाडिवा, प्रो. आर.के. चन्देल, डॉ. एस.के. शेण्डे सहित महाविद्यालय स्टॉफ ने पुष्पमाला, तिलक लगाकर, शॉल श्रीफल भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. वाशिंगटन द्वारा अभिनन्दन पत्र पढ़ा गया, जिसमें शासकीय सेवाकाल के दौरान उनकी उपलब्धियों का यशोगान किया गया।

## 7 को मनाई जाएगी सेन जयंती

**छिंदवाड़ाः** सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि नंदा जी सेन महाराज की जंयती को लेकर स्थानीय सेन समाज भवन प्रांगण में सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार, जिला अध्यक्ष सागर बंदेवार, वरिष्ठ संरक्षक परसराम बंदेवार, मुकेश सराठे, जगदीश श्रीवास, सेवकराम बंदेवार, प्रदेश युवा अध्यक्ष अंकित बंदेवार,पवन बंदेवार कमलेश बंदेवार गोविंद बंदेवार सहित समाजिक बंधुओ की विशेष उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 7/5/2024 दिन मंगलवार को सेन महाराज की जंयती बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी।यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष सागर बंदेवार ने बताया,कि बैठक सेन महाराज की जंयती मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि सुबह 10 बंजे सेन महाराज कि पूजा अर्चना करने के पश्चात समाजिक बंधुओ द्वारा रैली निकाली जाएगी जो पूरे शहर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण करने के बाद सेन भवन में समापन होगा जिसके बाद समाज के उन प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जायेगा जिन्होंने इस वर्ष 5 वी 8 वी 10 वी 12 वी में 70 प्रतिशत से ऊपर अंक लाकर परिवार व समाज का रोशन किया है।साथ ही अतिथियों का सम्मान व उद्बोधन के बाद भोजन प्रसादी के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।जिला युवा अध्यक्ष हेंमत बंदेवार ने सेन समाज के सभी वरिष्ठ व पदाधिकारी व जिले के समाजिक बंधु मातृशाक्तियो नोजवान साथियों से आग्रह किया है सेन महाराज की जंयती पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समाजिक एकता व अखंडता का परिचय देवें।

## उपयंत्री के लेआउट एवं तकनीकी मार्गदर्शन देने की खुली पोल

# जामुनढोगा सचिव ने किसान के खलिहान में बना डाला नाडेफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिय जनपद पंचायत के देलाखारी सेक्टर में आने वाली ग्राम पंचायतों में सचिव उपयंत्री एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा की मिली भगत से ग्राम पंचायतों में मनरेगा के निर्माण कार्य पुल, पुलिया. सुदूर सड़क निर्माण कार्यो मे, व्यापक पैमाने पर, ग्राम पंचायते खुलेआम भ्रष्टाचार कर रही है। इसी सेक्टर में भ्रष्टाचार का आलम यह हो गया कि उप यंत्री छोटे-छोटे निर्माण कार्यों में 50% का भ्रष्टाचार खुलेआम करवा रहे है। इसके पीछे उन्हें जनपद के मनरेगा अधिकारियों की संरक्षण प्राप्त है। इसी सेक्टर की ग्राम पंचायत जामुनढ़ोगा में तो भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित किया जा रहे हैं। जिसमें वी फाल निर्माण में 10 लाख से अधिक का फर्जी बाडा चर्चा में है। इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने सै इस पंचायत में उपयंत्री ने स्वच्छता मिशन के तहत बनने वाले नाडैफ निर्माण में तो सारी हद पार कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईस नाडैफ निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति के तहत 23000 स्वीकृत बताई जाती है। लेकिन निर्माण कार्य मात्र 5 से 10000 हजार के बीच में पूरा कर फर्जी मूल्यांकन के माध्यम से निकाले जाते हैं । वहीं उप यंत्री घर बैठे ही तकनीकी मार्गदर्शन एवं लेआउट भी दे देते हैं।

लेकिन वह भूल जाते हैं कि उनके अधीनस्थ निर्माण कार्य करवाने वाले पंचायत सचिव इन से भी महान है। जिसकी वानगी इसी ग्राम पंचायत भवन से चंद् कदम दूर, स्वच्छता मिशन के तहत बने नाफेड सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाया जाना था। लेकिन पंचायत के कर्मचारियों ने यह सर्वजनि स्थान के बजाय खलिहान में बना डाला उससे भी गंभीर लापरवाही। खलिहान की फेंसिंग के भीतर बनाया जाना इसमें यदि मोहल्ले वाले कचरा डालें तो इसके बीच में कटीले तारों की ऊंचाई नाफेड़ से ऊपर है। जिसमें कचरा डालना संभव नहीं है। जामुन ढोगा ग्राम पंचायत में बनाया गया यह नाफेड़ निजी भूमि के साथ-साथ,अन उपयोगी साबित हो रहा है। लेकिन सबसे हैरत करने वाली बात है कि यह मुख्य मार्ग पर है। इसको निजी भूमि में बनाना ग्राम पंचायत की लापरवाही एवं उपयंत्री की कार्य प्रणाली पर भी सबाल , खड़े कर रहा है।

मनरेगा के निर्माण कार्यों के निरीक्षण करने वाले अधिकारियों पर भी सवाल खड़े यह नाडैफ तो करता ही है। इस तरह स्वच्छता के नाम पर बड़ी लापरवाही एवं भ्रष्टाचार जामुन डोंगा ग्राम पंचायत में देखा जा सकता है।

## यातायात नियमों की उड़ रहीं धज्जियां, ग्राम थावड़ी के सरपंच व ग्राम के दबंग की मनमानी के चलते हो रही दुर्घटना

# दुर्घटनाओं की आशंका, गांवों में स्पीड ब्रेकर बनाने की लगी होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



चौरई आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में इन दिनों स्पीड ब्रेकर बनाने की होड़ नजर आ रही है। ग्राम पंचायत थावड़ी तथा आसपास के कई ग्राम पंचायतों मे गांव के अंदर छोटे रास्तों पर भी स्पीड ब्रेकर बनाये गये हैं . ग्राम थावड़ी में हालात यह है कि, 20-20 मीटर पर स्पीड ब्रेकर नजर आते हैं ।

ग्राम पंचायत के द्वारा क्रांकिट रोड पर बनाये गए ब्रेकर दूर से ही भयावत दिखता है। नजदीक पहुंचने पर वाहन चालक को वाहन की गति संचालित करने में काफी परेशानी होती है ।इससे अक्सर ब्रेकर के कारण दुर्घटनाएं होने से लोग घायल हो रहे हैं। एक अनुमान हैं कि,इन्हें बनाते समय ऊंचाई व अन्य नियमों का पालन नहीं किये जाने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्पीड ब्रेकर के नहीं दिखने का कारण यह है कि ,उसे नियम के अनुसार बनाया नहीं गया है और न ही रंग पोताई की गई है। स्पीड ब्रेकर बनाने के नियम के तहत इसकी ऊंचाई 10 सेंटीमीटर और लंबाई 3.5 मीटर होनी चाहिए। स्पीड ब्रेकर थर्मोलास्टिक पेंट से पट्टियां बनायी जानी चाहिए, ताकि रात के समय वाहन चालक की नजरों से न चुक पाए। रात में उस स्थान पर पर्याप्त प्रकाश भी होना चाहिए। स्पीड ब्रेकर इस तरह बनाए जाने चाहिए , जिनसे गाड़ियां आसानी से आ – जा सके और बगैर अनुमति के स्पीड ब्रेकर बनाना अपराध है।

लेकिन इस ओर किसी तरह की कार्रवाई नही होते नजर आ रही है।स्पीड ब्रेकरो से पीठ दर्द की परेशानी दिन पर दिन ज्यादातर लोगो मे हो रही है, तथा ग्राम थावड़ी में गलत तरीके से कई स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं । इसके कारण आते – जाते समय गाड़ी काफी उछलती है । इससे उन्हें पीठ दर्द की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाइक चलानेवालों के स्पाइनलकाड में एल -45 लेवल में ज्यादा परेशानी आ रही है . इसमें कई बार आइस्टी प्रोसेसिएम की परमानेंट डिसएक्विालिटी हो जाती है।

स्पीड से चलनेवाली गाड़ी वर्टीकली डिस्टेंस आने की संभावना होती है। स्पीड ब्रेकर के जर्क से वाहन के सामने अचानक स्पीड ब्रेकर आने से वाहन चालक उछलता है , जिससे रीढ़ की हड्डी में हुए जंक्शन में फ्रैक्चर होता है , ऐसी स्थिति में 4 से 5 महीने तक रेस्ट करना पड़ता है . इसे देखते हुए लोगों ने अवैध रूप से बनाए गए स्पीड ब्रेकर को हटाने की मांग की है। जिसमे संबंधित विभाग को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए सुधार करने की जरूरत है।

### घायल बंदर शिशु को बचाने के लिए उपचारार्थ भेजा



**छिन्दवाडा।** विगत दिवस छिन्दवाड़ा-मुलताई नेशनल हाइवे पर ग्राम-टेमनी खुर्द के ताराचन्द साव बाबा घाट पर सड़क दुर्घटना में घायल बंदर को पशुचिकित्सा औषधालय प्राथमिक उपचार हेतु जैवविविधता संरक्षण के मास्टर ट्रेनर एवं सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता कैलाश सोनेवार द्वारा वन विभाग को सूचना देकर घायल बंदर को उपचारार्थ भेजा गया। ज्ञात हो कि सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश सोनेवार द्वारा विलुप्त होती वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण एवं संर्वधन के लिए निरंतर प्रयास एवं ग्रामीणों को प्रेरित किया जाता है।

# कन्या शाला सौंसर में हुआ छात्राओं का स्वागत सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शासकीय कन्या उमा विद्यालय सौसर की छात्राओ के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मंगलवार को शाला परिसर में छात्राओं का स्वागत सत्कार समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कु.प्रतिमा कुमरे ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा मे 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय कु.हिमाक्षी निंबूलकर 87,तृतीय कु.सोनाली कडू 85, कु प्राची भोंगाडे ने 78 प्रतिशत अंक,बोर्ड परीक्षा मे शाला की 17 छात्राओ ने प्रथम श्रेणी 3 छात्राओ ने द्वितीय श्रेणि प्राप्त कीया है। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य बी.आर. कलंबे ने उक्त छात्राओ को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। कु प्रतिमा यह बालिका छात्रावास मे रहकर पढ़ाई की है तथा छोटे से ग्राम सिलेवानी की आदिवासी परिवार की है।वरिष्ठ शिक्षक सुर्यकीर्ति काले ने छात्राओ को कक्षा ग्यारहवी के अपनी रुचि तथा प्राप्त अंक के आधार पर विषय चयन करने हेतु मार्गदर्शन किया। इस दौरान वामन ठाकरे,किर्तिसागर बागडे,श्रीमती कमाले,संगीता ढोके,सुनीता चारे,राजेद्र डोंगरे,राजरतन बागडे आदि ने छात्राओ को प्रोत्साहित किया।

## सेवानिवृत्ति पर घडेला शासकीय स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला घडेला बिसाला में पदस्थ रामकृष्णजी भक्ते के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया।विदाई समारोह के अवसर पर श्री भक्ते का शाल श्रीपाल देकर स्वागत सत्कार और उपहार देकर विदाई दी गई।विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं सेवानिवृत हुए श्री भक्ते के द्वारा संस्था में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ्य सुलभ एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की। अपना उद्बोधन देते हुए सेवानिवृत श्री भक्ते ने कहा संस्था में रहते हुए मुझे छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक को एवं स्टाफ के द्वारा भी समय-समय पर बहुत सहयोग एवं प्रेम किया है जिसके लिए मैं सभी अधिकारी कर्मचारियों का जीवन भर आभारी रहूंगा। मेरे द्वारा 38 वर्ष शिक्षक के रूप में अपनी सेवाये दि है।इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 15 मई से रिधोरा में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



बुद्ध धम्म प्रचार समिति की ओर15 मई से लेकर 22 में तक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रिधोरा में किया जा रहा है।प्रशिक्षण शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बुद्धधम्म प्रचार समिति प्रमुख केशरावजी सोमकुंवर,अध्यक्ष डॉ वाय.एल. ठवरे.श्रीमती लता नागदवने,मोरेश्वर रंगारे ने बताया कि निर्माणाधीन बुद्धिस्ट सेमिनरी, ग्राम-रिधोरा, प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान बुद्ध और उनका धम्मआंबेडकरी आन्दोलन,भारतीय संविधान,वर्तमान स्थिति आदि विषयों पर वक्ताओं के द्वारा अपना प्रबोधन दिया जाएगा। शिविर का बहुत से लोगों को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा किए गए कार्यों की, उनके विचारों की तथा 'बुद्ध और उनके धम्म' की जानकारी नहीं है। उन्हें जानकारी देने हेतु बुद्ध धम्म प्रचार समिति द्वारा 15 मई से 22 मई तक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। प्रशिक्षण शिविर में समिति के द्वारा बनाए गए नियम और निर्देशों का शिविर में शामिल होने वाले सभी लोगों को पालन करना

### शास उच्च विद्यालय घोटी सौंसर तहसील में रहा अव्वल

**सौंसर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, घोटी तहसील सौसर में बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं का परीक्षा फल 96 रहा है। प्रथम स्थान कुमारी आरती बोबडे ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। द्वितीय कु शिवानी भोयर ने 80.8 तृतीय कु. तनीषा देहरे ने 77.2 कुमारी प्रतिक्षा टेकाम ने 77.2% अंक प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान कुमारी राखी डहाके ने 75%, द्वितीय कु. जानवी मास्के ने 72.8,तृतीय स्वयंम पाचपूते 71.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। संस्था की ओर से प्राचार्य जितेश काले शिक्षक जुबेर अंसारी, ए. अहाके, बाबा खान,सिरसे, खिरटकर, वाट, नितिन डोमने, हेमंत गुरव, खुश रंग भकते, नामदेव पोतराजे, चंदन हिंगने, योगी बाला यादव, नीत पाल, ममता बोबडे, प्रीति जोगी के द्वारा सत्कार समारोह का आयोजन करते हुए सभी उत्सुष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत सत्कार किया गया है।

### 10 वीं में गीतांशु व 12 वीं इशिता वहीले व यामिनी ने पाया प्रथम स्थान

## 10 वीं में 75.6 एवं 12 वीं में 83.3 प्रतिशत रहा परीक्षा फल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर की उत्कृष्ट शिक्षण संस्था गॉधी विद्या मंदिर का कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 75.6 प्रतिशत व कक्षा 12 वीं परिणाम 83.3 प्रतिशत रहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की परीक्षा में संस्था से कुल छात्र 41 सम्मिलित हुए थे। जिसमें से 31 परीक्षार्थी उत्तीणहुए, जिनमें प्रथम श्रेणी में 22, द्वितीय श्रेणी में 4, तृतीय श्रेणी में 1 व 10 परीक्षार्थी फेल हुए हैं।

इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था संचालक अवनीश श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था में कक्षा 10 वीं में प्रथम गीतांशु अजय हेडाऊ 94 प्रतिशत, द्वितीय भाविशा विजय हेड़ाऊ 91.6 प्रतिशत, तृतीय नुपूर राजेश क्षीरसागर 89.4 प्रतिशत, चतुर्थ अवंती नंदलाल क्षीरसागर87.6 प्रतिशत, पंचम रीत युगल हरिनखेड़े 86.8 प्रतिशत व षष्टम स्थान अथर्व रहांगडाले 81 प्रतिशत ने हासिल किया हैं। वहीं कक्षा 12 वीं में कुल 60 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। जिसमें से 50 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें प्रथम श्रेणी में 38, द्वितीय श्रेणी में 3, पूरक 3 व फेल 7 विद्यार्थी हुए हैं, कुल परीक्षाफल 83.3 प्रतिशत रहा हैं। विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों में गणित विषय में इशिता नूपेन्द्र वहीले गणित 91.6 प्रतिशत, यामिनी महेश बोपचे 91.6 प्रतिशत व वैभव किरण कुंभारे 90.6 प्रतिशत तथा निकिता मनोज भालाधरे जीव विज्ञान 90.8 प्रतिशत रहा, वहीं द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों में जीव विज्ञान विषय में दामिनी जितेन्द्र घरड़े जीवविज्ञान 88.6 प्रतिशत व खुशी तुलसी सिंघरे 88.4 प्रतिशत, गणित संकाय में मनस्वी वाल्दे 88.4 प्रतिशत, माही मनोज जैन 88.5 प्रतिशत व राहुल सुमन नंदनवार 84.4 प्रतिशत हासिल किया।

## किशोर न्याय अधिनियम 2015 विषय पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सोमवार को किशोर न्याय बोर्ड के बैठक कक्ष में किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) आदर्श नियम 2016 के प्रावधानों के संबंध में श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण अधिनियम की धारा 2(12) के अनुसार ऐसा कोई व्यक्ति जिसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं कि है उसे बच्चा माना गया है। साथ ही श्री गुर्जर ने अनाथ बच्चे, परित्यक्त बच्चा, अभ्यार्पित बच्चा किसे माना गया हैं इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड बालाघाट श्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए विधिक का उल्लंघन करने वाले बालकों के संबंध में प्रक्रिया, किशोर न्याय बोर्ड की शक्तियॉ एवं उत्तरदायित्व, विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के बारे में बोर्ड द्वारा जांच, विधि का उल्लंघन करते हुए पाये गये बालक के बारे में आदेश के बारे में बताया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालतें हुए बताया कि विधि से संघर्षरत बच्चो, देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे एवं बच्चो के विरूद्व रोकथाम हेतु किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 लागू किया गया इस अधिनियम के निर्माण का मुख्य उद्देश्य, बच्चों को अपराध की ओर अग्रसर होने से रोकने के साथ-साथ बच्चों को सुधार के जरिए समाज की मुख्य धारा में लाना है। कार्यशाला में किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री विकास खुर्सेल, श्रीमती माधुरी कटरे, अधिवक्ता, डिफेस काउंसिल, पैरालीगल वालेंटियर्स एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### बकोड़ा में कानूनी जानकारी और निःशुल्क विधिक सेवा लेने का बताया तरीका



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बकोड़ा में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सुश्री नेहा बाथरी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन को कानूनी जानकारी और निःशुल्क विधिक सेवा लेने का तरीका बताया गया। इसके साथ ही पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना, शिक्षा का अधिकार, मोटर दुर्घटना संबंधी अधिनियमों के बारे में लोगों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित लोगों को नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें एनआई एक्ट के प्रकरण, प्रीलिटिगेशन संबंधी वाद एवं न्यायालय में लंबित वादों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किये जानेके बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को विधिक सेवा समिति क्या है? और यह कैसे कार्य करती है? इसके बारे में भी सविस्तार जानकारी दी गई। शिविर में सरपंच श्रीमती पुष्पा नागेश्वर, सचिव धर्मेन्द्र डाकरे एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सोनझरा के पूर्व सरपंच दुर्गा जी कैनावत का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनझरा के पूर्व सरपंच एवं मरार माली समाज के पूर्व अध्यक्ष दुर्गाजी केनावत का 30 अप्रैल की दोपहर 2 बजे टी बी की लंबी बीमारी के बाद 63 वर्ष की आयु में स्वर्गवास उनके गृह निवास में हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके गृह ग्राम सोनझरा से आज 1 मई को सुबह साढ़े 9 बजे सोनझरा के मोक्षधाम में पहुॅचेगी, जहॉ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। स्वर्गीय दुर्गाजी केनावत के आकस्मिक स्वर्गवास पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे, विधायकगण विवेक विक्की पटेल, श्रीमती अनुभा मुंजारे, मधु भगत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक संजय उइके, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, मरार माली समाज के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन, अशोक मरार, राजकुमार वर्मा, पूर्व सरपंच राजा अली, ठानसिंह पटले, जनपद सदस्य जितेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य लोगों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की हैं।



# पंचायत भवन हुआ जर्जर : जान जोखिम में डालकर काम करने मजबूर पंचायत कर्मी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



मध्य प्रदेश शासन और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय सहित विभाग के वरिष्ट अधिकारियों की घोर लापरवाही की वजह से जनपद पंचायत कटंगी की अधीन आने वाली ग्राम पंचायत चाकाहेटी में पंचायतकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर पंचायत से जुड़े सरकारी काम-काज करने को मजबूर है. दरअसल, ग्राम पंचायत चाकाहेटी का पंचायत भवन बेहद जर्जर हो चुका है और इसकी छत बल्लियों के सहारे छत टिकी हुई है जो कभी भी धराशाही हो सकती है. करीब 50 साल पुरानी पंचायत की इमारत का नवनिर्माण करवाने के लिए सरपंच-सचिव एक नहीं बल्कि कई बार और लगातार विभाग के वरिष्ट अधिकारियों से लेकर शासन स्तर पर पत्राचार कर चुके है किंतु अब तक शासन से नए भवन के लिए स्वीकृति नहीं मिल पाई है. जिस कारण पंचायत कर्मियों को अपनी जान जोखिम में डालकर जर्जर इमारत में कामकाज संचालित करना पड़ रहा है. पंचायत सचिव महेश ठाकरे ने बताया कि बारिश के दिनों में सर्वाधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. बारिश के दौरान छत से पानी टपकता है. जिससे पंचायत में रखे सरकारी दस्तावेज और बिजली के उपकरण भी खराब हो जाते है. दीवार और फर्श में नमी होने के कारण हमेशा बिजली का करंट फैलने का खतरा भी बना हुआ रहता है।

ग्राम पंचायत भवन की हालत करीब 02 दशक से काफी जर्जर है. पंचायत स्वयं अपने भवन को असुरक्षित घोषित कर चुकी है. मगर, शासन की उपेक्षा के चलते प्रतिवर्ष कई लाखों रुपए के विकास कार्य करवाने वाली ग्राम पंचायत आज अपनी ही भवन की बदहाली पर आंसू बहा रही है. भवन के पुनर्निर्माण को लेकर अब तक शासन और प्रशासन नहीं जागा है. मिली जानकारी अनुसार कुछ साल पहले ग्राम पंचायत चाकाहेटी में पंचायत भवन को स्वीकृति मिल गई थी परंतु उस वक्त भवन का निर्माण नहीं हो पाया. कारण जानने पर पता चला कि चाकाहेटी पंचायत के अर्जुनटोला के ग्रामीण उनके टोले में पंचायत भवन का निर्माण करवाने की मांग कर रहे थे जबकि सतीटोला के ग्रामीण यथावत यानी जहां आज भवन है वहीं निर्माण की मांग पर अड़े थे. ऐसे में भवन का निर्माण नहीं हो पाया. यहां आपको यह बताना जरूरी हो गया है कि ग्राम पंचायत चाकाहेटी भौगोलिक दृष्टिकोण से संभवतः मध्य प्रदेश राज्य की सबसे बड़ी पंचायत हो सकती है. इस पंचायत के अधीन 07 छोटे-बड़े टोले है. जिनके बीच का दायरा करीब 10 से 15 किमी. का हो सकता है. ऐसे में किसी भी टोले के ग्रामीणों को पंचायत पहुंचकर अपना काम करवाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है. फिलहाल एक बार पंचायत भवन स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों ने सबक ले लिया है और अब भवन स्वीकृत होने के बाद पंचायत जहां चाहे वहां निर्माण करवा सकती है. ग्रामीणों ने बताया कि इस भवन से कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

चाकाहेटी पंचायत भवन की फटी दीवारें बारिश के मौसम में रिसती है और यह बारिश में कभी भी धराशाही हो सकता है. ग्राम चाकाहेटी में पदस्थ सचिव और रोजगार सहायक को अपनी जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ता है. क्योंकि पंचायत के लिए बनवाया गया भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है और दीवारें चटकने के कारण भवन में बैठना भी मुश्किल हो गया है. जिसके कारण न तो पंचायत का काम ढंग से हो पा रहा है और न ही ग्रामीणों के लिए संचालित की जाने वाले जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक ढ़ंग से हो पाएगा. बहरहाल, ग्राम पंचायत चाकाहेटी को नए पंचायत भवन की दरकार है।

### इनका कहना है

पंचायत भवन की इमारत जर्जर हो चुकी है कई बार नए पंचायत भवन की स्वीकृति के लिए पत्र व्यवहार किया गया है परंतु अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

**महेश ठाकरे, पंचायत सचिव**

## लांजी,भानेगांव, बहेला में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर हुआ आयोजित

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**



महावीर इंटरनेशनल लांजी, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के द्वारा निःशुल्क प्रतिमाह स्वास्थ जांच एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन लांजी में और भानेगांव, बहेला में आयोजित किया गया। महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा लोगो की मदद कर सेवा कार्य में अब कैंसर रोग, ह्रदय रोग, किडनी रोग, महिलाओं में बच्चादानी रोग, पर उनका उपचार मार्गदर्शन कर शासन की योजना पर एवं अन्य हॉस्पिटल में मार्गदर्शन सेवा कार्य किया जाएगा , जो भी संभव मदद हो महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा किया जाएगा साथ ही प्रतिमाह मोतियाबिंद नेत्र जांच के माध्यम से रोगी की स्वयं की स्वेच्छा से उनका उपचार किया जायेगा। परिवार की सहमति के बगैर किसी भी व्यक्ति महिला पुरुष को नहीं भेजा जायेगा,महावीर इंटरनेशनल का उद्देश्य सबकी सेवा ,सबको प्यार, जियो और जीने दो के सिद्धांत पर मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए निस्वार्थ मानव सेवा में सतत प्रयासरत है। दिनांक 29/04/ 2024 सोमवार बहेला एवं 30/04/2024 मंगलवार को लांजी, भानेगाव में महावीर इंटरनेशनल के लांजी केंद्र द्वारा संचालित प्रतिमाह शिविर लांजी नगर में अरमान ऑप्टिकल लांजी में एवं भानेगांव,स्वाभिमान संस्कार कुनबी समाज भवन भानेगांव में (भूते आई केयर ऑप्टिकल भानेगांव) में और ग्राम पंचायत भवन बहेला में शिविर का आयोजन किया गया। महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 के डिप्टी डायरेक्टर एवम चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत खोंगल जी ने बताया निर्धारीत तिथि और समय में प्रातः 10:00 से 4:00 तक बहेला ,लांजी में एवं 2 बजे से 4 बजे तक भानेगांव में सभी मरीजों की स्वास्थ जांच किया गया एवं संस्था की सभी सुविधा के साथ मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया जायेगा सभी जन भावना के अनुरूप निशुल्क नेत्र जांच शिविर जारी रहा, शिविर में 79 लोगों का पंजीयन किया गया 20 मोतियबिंद मरीज चयनित हुए। इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षक डॉक्टर डॉ, अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भूते टीम के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं के स्वास्थ्य की जांच एवं अन्य रोगों से संबंधित विषय की जानकारी लोगों अवगत कराया गया इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के सभी वरिष्ठ सदस्य एवं सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी स्थानीय नागरिकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त रहा।

# कार के अंदर बैठकर सट्टा पट्टी लिखते पकडाया आरोपी, 5410 रूपये जप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले में सट्टा एवं जुआ के विरूद्ध सख्ती से पेश आते हुये सट्टा एवं जुआ खिलाने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये दिनांक 29/04/2024 को एक आरोपी को डालडा फैक्ट्री रोड पर उद्योग ऑफिस के सामने बिना नंबर की सफेद रंग की फ्रॉनएक्स गाडी में एक व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखने का काम कर रहा था। पुलिस को देखकर सट्टा पट्टी लिखवाने वाले लोग भाग गये कार के अंदर बैठकर सट्टा पट्टी लिखने वाले व्यक्ति को पकडकर उसकी तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 02 एंड्रायड मोबाईल एवं सट्टा पट्टी, कार्बन और पेन और नगदी लगवाडी की रकम 5410/- रूपये मिले जिसे समक्ष गवाहों के



मुताबिक जप्ती पत्रके के जप्त किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह जो सट्टा पट्टी लिखता है उनको खाईबाज अजय उर्फ अज्जु शिववेदी को देता है जिसके बदले में अज्जु शिववेदी आरोपी को कमीशन देता है। आरोपी – 01- मनीष बघेल पिता राम बघेल उम्र 28 साल निवासी सीव्ही रमन वार्ड बारापत्थर सिवनी 02- अजय उर्फ अज्जु शिववेदी निवासी बारापत्थर सिवनी जप्ती मशरूका – 01- नगदी रकम 5410/- रूपये । 02- मारूति फ्रॉनएक्स बिना नंबर की सफेद रंग की गाडी कीमती लगभग 600000/- रूपये। 03-02 एंड्रायड मोबाईल कीमती लगभग 24000/- रूपये। 04- सट्टा पट्टी, कार्बन एवं पेन सराहनीय कार्य – निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र0आर0 सुन्दर श्याम तिवारी, आर0 विक्रम देशमुख, आर0 प्रतीक बघेल, आर0 राजू भलावी, आर0 मनोज हरिनखेडे की सराहनीय भूमिका रही है।

# किराना दुकान में आबकारी विभाग की टीम ने छापा मारा कर भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त की

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद भी आबकारी विभाग सिवनी द्वारा अवैध शराब की धड़पकड़ लगातार जारी है । कलेक्टर सिवनी श्री क्षितिज सिंघल के नेतृत्व एवं सहायक आबकारी आयुक्त सिवनी श्री शैलेश जैन के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में प्राप्त सूचना के आधार पर सिवनी शहर के निकट ग्राम कंडिपार में बघेल किराना दुकान में आबकारी विभाग की टीम द्वारा तत्परता से छापा मारा गया और भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त की गई है । आबकारी टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम कंडिपार में बघेल किराना दुकान से अवैध शराब बेची जा रही है और किराना दुकान में बहुत अधिक मात्रा में शराब का स्टॉक रखा गया है । आबकारी विभाग की टीम ने तत्काल ग्राम कंडिपार में मौके पर पहुँचकर बघेल किराना दुकान में छापा मारा और भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर जप्ती की कार्यवाही की गई । मौके से 80 पाव देशी मसाला मदिरा , 100 पाव देशी प्लेन मदिरा एवं 48 बोतल पॉवर-10000 बियर बरामद कर जप्त किये गए हैं । जप्त शराब की कुल मात्रा 56.4 लीटर है । मौके पर उपस्थित युवक अंकित बघेल आत्मज बालकृष्ण बघेल वर्ष निवासी ग्राम कंडिपार को मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(2) के अंतर्गत आबकारी शहर वृत सिवनी में आपराधिक प्रकरण अपराध क्रमांक 52 /24 कायम किया गया है । आरोपी अंकित बघेल को आज प्रातः दिनाँक 30 अप्रैल 2024 को माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिवनी के समक्ष पेश कर रिमांड लिया गया और माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है ।

# कर्मचारियों एवं शिक्षक संवर्ग की समस्याओं के निराकरण के लिए केम्प का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग सिवनी द्वारा बताया गया डॉ.ई. रमेश कुमार, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्रालय भोपाल का आदेश क./एफ-23/2024/25-5/208 भोपाल, दिनांक 04.04.2024. अनुसार भोपाल मुख्यालय में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों को जिला स्तर पर विभिन्न योजनाओं के सुचारू संचालन के लिये जिले आवंटित किये गये हैं।

श्री नरोत्तम बरकड़े, उप संचालक, आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास भोपाल को जिला सिवनी का प्रभार सौंपा गया है। श्री बरकडे दिनांक 30 अप्रैल 01 मई 2024 को जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सुचारू रूप से संचालन की समीक्षा हेतु सिवनी प्रवास पर आ रहे है। इस हेतु जनजातीय कार्य विभाग जिला सिवनी अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ शासकीय कर्मचारी / शिक्षक संवर्ग अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु उनके नेतृत्व में जिला स्तरीय केम्प सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य सिवनी कार्यालय में दिनांक 01 मई 2024 समय प्रातः 10:00 बजे से आयोजित है।

# आज से विद्युत विभाग द्वारा कुरई लाइन का किया जावेगा मेंटेनेंस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

दिनांक 01.05.2024 को प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक 132 केव्ही उपकेंद्र मोहगांव से निकलने वाला 33 केव्ही कुरई (टूरिया) फीडर का लाइन का मेंटेनेंस किया जाना है । जिसमें 33 केव्ही फीडर कुरई से संबंधित क्षेत्र, 11 केव्ही उपकेंद्र, कुरई, टूरिया, पचधार उपकेंद्रों से निकलने वाले 11 केव्ही फीडरों की लाइन बंद रहेगी । विघुत विभाग द्वारा 01 मई 2024 को लाइन मेंटेनेंस के लिये विभिन्न वितरण केंद्र, गोपालगंज, कुरई, बादलपार, बंडोल एवं अरी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेटेंनेंस कार्य करने के लिये ड्यूटी लगाई गई है । सुभाष राय, कार्यपालन अभियंता सिवनी, द्वारा बताया गया कि 33 केव्ही कुरई लाइन, घने जंगलों से होकर गुजरती है, जिससे आंधी तूफान के कारण लाइन पर पेड़ों के गिरने की घटना से लाइनों में व्यवधान उत्पन्न होता है । जिसके कारण उपभोक्ताओं को सतत बिजली आपूर्ति बाधित होती है । चूंकि कुरई लाइन अति संवेदनशील होने के कारण वर्तमान में मानसून के पूर्व 5 वितरण केंद्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस लाइन मेटेंनेंस के लिये बुलाया गया है, जो कि सुबह 9.00 बजे से इस लाइन पर आने वाले पेड़ों की छटाई करेंगे । इसके साथ-साथ इस लाइन में नये व्हीसीबी लगाने का कार्य, ए.बी. स्विच लगाने एवं लाइटिंग अरेस्टर लगाने का कार्य निर्माण संभाग सिवनी द्वारा किया जावेगा जिससे कि ट्रिपिंग एवं लाइनों पर बिजली गिरने पर इंसूलेटर पंचर होने की समस्या का समाधान होगा तथा उपभोक्ताओं को अच्छी व गुणवत्तापूर्ण बिजली प्राप्त होगी ।

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में लाभान्वित हो रहे बच्चे

## नेटबॉल और कबड्डी खेल का हुनर सीख रहे खिलाड़ी

**कुरई। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याणा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के मार्गदर्शन में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है. जिसमें निःशुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से नेटबॉल एवं कबड्डी का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।**

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए शिविर के संयोजक कुरई विकास खंड के युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में 05 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक- बालिकाओं को प्रतिदिन प्रातः 06:00 से 7:30 बजे एवं शाम 05:00 से 6:30 बजे तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में नेटबॉल और कबड्डी खिलाड़ियों को मिलाकर लगभग 70 खिलाड़ी नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर है. जिसमें अग्रणी पब्लिक स्कूल मैदान, तलाब रोड़ में नेटबॉल का प्रशिक्षण श्री नरेन्द्र पवार एवं कबड्डी खेल का प्रशिक्षण सुश्री अंजली श्रीवास्तव द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है।प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी संबंधित खेल के प्रशिक्षकों से निःशुल्क पंजीयन फार्म प्राप्त कर प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है प्रशिक्षण शिविर के संबंध में अन्य किसी जानकारी के प्रशिक्षकों एवं लिए दिये गए मोबाइल नं. पर कॉल कर सकते है।

मै शिविर में रोज प्रेक्टिस पर आ रही हूं काफी अच्छा सीखने को मिल रहा है. नेटबॉल खेल के नये-नये टिप्स सीख रही हूं।

- धानी जायसवाल, कक्षा- दसवी

कबड्डी मेरा पंसदीदा खेल है कोशिश कर हूं कि यहां अधिक से अधिक सीखूं।

- आर्यन अड़नबे, कक्षा- दसवी

मुझे नेटबॉल खेलना अच्छा लगता है. शिविर में मुझे इस खेल की बारीकियां सीखने को मिल रही है जिससे मुझे आगे बहुत मदद मिलेगी।

- शिखा हरिनखेडे, कक्षा- दसवी

मुझे नेटबॉल खेलना अच्छा लगता है. शिविर में मुझे इस खेल की बारीकियां सीखने को मिल रही है जिससे मुझे आगे बहुत मदद मिलेगी।

- अर्थव जायसवाल, कक्षा- छटवी

"यह बहुत हर्ष का विषय है कि मोबाईल और टी.वी. से दूर बच्चे खेल मैदान की तरफ आकर्षित हो रहे है, बच्चों में उत्साह है और वह पूर्णमनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है. हमारे लिए भी यह एक सुअवसर है जहां हमे भी नेटबॉल एवं कबड्डी की बहुत सी छुपी प्रतिभाओं को खोजने का मौका मिलेगा।

# पेंचवैली ट्रेन नैनपुर से प्रतिदिन प्रारंभ की जावे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

ठीक आज से 1 साल पहले पेंचवेली और पातालकोट ट्रेन सिवनी से प्रारंभ की गई थी परंतु रेलवे ट्रैक मरम्मत के नाम पर पेंचवेली ट्रेन जो सिवनी से प्रारंभ होकर छिंदवाड़ा होते हुए भोपाल इंदौर जाती थी उसे बंद कर दिया गया जो की अभी तक बंद पड़ी है जनता उसके प्रारंभ होने के इंतजार में प्रतिदिन परेशान हो रही है जबकि इन दोनों ट्रेनों को प्रतिदिन नियत समय पर प्रारंभ करने की हमेशा से जनता की मांग रही है।

वर्तमान समय में केवल पातालकोट ट्रेन फिरोजपुर तक सिवनी से जाती है जिससे फिरोजपुर दिल्ली तक यात्रीगण सीधे चले जाते हैं परंतु इंदौर के लिए सिवनी से कोई ट्रेन नहीं होने पर आम जनता बहुत अधिक परेशान हो रही है उसे इंदौर जाने के लिए पहले भोपाल जाना पड़ता है उसके बाद वहां से इंदौर ट्रेन पढ़ते हैं या फिर बस से मजबूरी में यात्रा करना पड़ता है जो की आर्थिक रूप से महंगी यात्रा है और शारीरिक रूप से कष्ट दायक भी है। अतः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक सहित राजेंद्र जायसवाल डॉ बी सी ओके ओम प्रकाश बोर्डे तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार योशु प्रकाश संजू कुमार धनीराम बंडेवार सुरेंद्र अहमद नायडू पीआर इनवाती अशोक साहू राजू डेहरिया आरके सनोदिया आदि ने रेलवे प्रशासन और शासन से मांग की है कि शिवनी के आम जनता की सुविधा देखते हुए प्रतिदिन आवागमन हेतु पंचवेली ट्रेन और पातालकोट ट्रेन को नैनपुर रेलवे स्टेशन से प्रारंभ किया जाए जिससे मंडला बालाघाट नैनपुर केवलारी भोमा कान्हीवाड़ा सिवनी चौरई छिंदवाड़ा की आम जनता को सुविधा प्राप्त हो सके।

# गुरु कभी सेवा निवृत नहीं होते उनके दिए हुए ज्ञान सदा जीवंत रहते हे : सुजीत जैन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सिवनी नगर के निकट ग्राम जमुनिया शासकीय प्राथमिक शाला भवन में शिक्षक दुर्गा प्रसाद राय के विदाई समारोह में मुख्य अतिथि सुजीत जैन पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जमुनिया में शिक्षक दुर्गा प्रसाद राय के विदाई समारोह कार्यक्रम में टेकराम वरकड़े जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह, जय नाथ सिंह बघेल पुर्व सरपंच संतोष चंद्रवंसी द्वारा मंच संचालन किया गया समस्त ग्रामीण अभिभावक मातृशक्तियो एवं शाला



में अध्यनरत विद्यार्थी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही कार्यक्रम में सुजीत जैन जी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया शिक्षक एवं शिक्षक द्वारा दिया ज्ञान कभी सेवानिवृत्ति एवं व्यर्थ नहीं होता शिक्षक सभी के जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं उन्होंने कहा कि जब श्री शिक्षक दुर्गा प्रसाद राय का इस शाला में आगमन हुआ उसे समय जमुनिया में आने के लिए रास्ता अति दुर्गम था दो पहिया वाहन भी सड़क पर चलाना अत्यंत ही कठिन था साला भवन निर्माण के पूर्व ग्राम के श्यामलाल चंगेला जी के निवास में छात्र-छात्राओं को अध्ययन कराया जाता था उस समय से आज दिनांक तक शिक्षक राय ने अपनी सेवा दी इसी ग्राम में इतनी बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों का आना शिक्षक के व्यवहार के कारण है अभिभावकों के आंखों में आंसू देखकर लग रहा है कि शिक्षक राय ने उनके दिलों में अपनी कितनी जगह बनाई है

# गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरघाट में कक्षा 12वीं तथा कक्षा 10वीं के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया





बरघाट। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बुधवार को कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित किए गए जिसमें ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन( समाजसेवी संगठन) द्वारा संचालित गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरघाट में कक्षा 12वीं तथा कक्षा 10वीं के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं में हर्षिता बिसेन 93 .% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा हेरवी तुरकर ने 92.4 % , अंशिका राहंगडाले 88.0% , निर्जला घरडे 86.2% , नाम्या सिंह राजपूत 85.4% स्नेहा बघेल 85.2%, लतिका श्रीवास 84.6%, शालिनी गौतम 83.8%, माही राहंगडाले 83.4% श्रुति गौतम 83.4% द्वारा अंक प्राप्त किये गये। कक्षा 12वी गणित संकाय में मणि रत्न दीक्षित 93.0% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा साथ ही शीलू राहंगडाले 91.4% , अनन्या परते 90.6% , प्रिंसी शरणागत 86.0% नंदिनी तरवरे 79.8%, उदिति मरावी 76.6% , सिद्धार्थ गौतम 73.6% एवं अलशाना कुरेशी 71.6% अंक प्राप्त किया । कक्षा पाचवीं में अनन्या ठाकुर 86 % अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं आरोही राहंगडाले 82.8%, गुँजन उईके 82.3%, सुरभि भगत 81.8%, हिमांक बोपचे 81.5%, वाणी बनवाले 80.8%,पूर्वी ठाकरे 80.3% अंक प्राप्त किये गए। कक्षा आठवीं में महिमा तुरकर 88.5% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान में रही तथा निहाल ठाकुर 88.2% , ऊर्जा बोपचे 87.8% ,हिमांक्षी अड्माचे 86.8%,यश सूर्यवंशी 86.7% ,तिष्ठा बोपचे 85.7% दिव्यांश हरिन्द्रावर 83.2%,साम्या खान 82.3%,आशी नामदेव 81.3%,श्वेतांक परिहार 80.0%अंक प्राप्त किया। संस्था के डायरेक्टर श्री नरेश सिंह राजपूत जी तथा संस्था प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा बच्चों को धन्यवाद दिया। विद्यालय प्रबंधन ने पालकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा विद्यालय को दिए गए सकारात्मक सहयोग की सराहना की। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय एवं पालकों को देते हुए विद्यालय द्वारा कराई जाने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए धन्यवाद दिया। जैसा की विदित है विद्यालय द्वारा बोर्ड की तैयारी हेतु अनेक प्रकार की परीक्षाएं एवं प्रश्न बैंक की अनेक नीतियों से तैयारी कराई गई थी।

# कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने मंगलवार 30 अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारी की बैठक लेकर राजस्व संबंधी बिंदुओं की समीक्षा की गई तथा विस्तृत दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा अनुभागवार राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर नियत समय से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

कलेक्टर श्री सिंघल ने अविवादित नामांतरण तथा बटवारे के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए ऐसे प्रकरणों को तत्काल निराकरण करने के लिए संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री सिंघल ने अनुभागवार लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व वसूली की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को राजस्व वसूली प्रकरणों में गति लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा प्राकृतिक प्रकरणों तथा ओलावृष्टि से हुई फसल नुकसानी के सभी प्रकरणों में संबंधित पक्षकारों को प्रदाय आर्थिक सहायता की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इसके साथ-साथ सीएमहेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।

## मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिवनी 30 अप्रैल 24/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में श्रीमती मनीषा बसेर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सिवनी द्वारा मंगलवार 30 अप्रैल 2024 को कुटुम्ब न्यायालय परिसर सिवनीमें विधिक जागरूकता शिविर एवं मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मध्यस्थता योजना के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में उपस्थित न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागणों से चर्चा की गई साथ ही 11 मई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

# खुले बोर एवं नलकूप में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने किये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

सिवनी 30 अप्रैल 24/ कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने व्यक्तिगत या सार्वजनिक भूमि पर किए गए नलकूप एवं बोरवेल में सुरक्षा व्यवस्था के इंतेजाम को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक भूमि पर नलकूप खनन एवं बोरवेल का निमार्ण करने के उपरांत उसकी सुरक्षा का इंतेजाम न करने पर संबंधित के विरूद्ध धारा 144 द.प्र.सं. के अधीन प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेशानुसार भूमि/परिसर के मालिक को बोरवेल / कुएं के निर्माण के लिए कोई भी कदम उठाने से पहले क्षेत्र के संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका/परिषद / पंचायत या ग्राम पंचायत के सरपंच/पार्षद को कम से कम 15 दिन पहले लिखित रूप में सूचित किया जाना होगा। सभी ड्रिलिंग एजेंसियों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से अपना पंजीयन करवाना होगा। बोर/कुएं के मालिक को निर्माण दौरान साईन बोर्ड लगाना होगा। जिसमें बोर/कुएं के मालिक का नाम एवं पता एवं ड्रिलिंग एजेंसी का नाम एवं पता उल्लेखित करना होगा। इसी तरह बोर/कुएं के निर्माण के दौरान भूमि के मालिक को चारों ओर कांटेदार तार की बाड़ या कोई अन्य उपयुक्त अवरोध खड़ा करना करना होगा। बोर/कुएं के आवरण के चारों ओर भूमि के मालिक को निम्नतम (0.50x0.50x0.60 मीटर (जमीनी स्तर से 0.30 मीटर उपर जमीन के स्तर से 0.30 मीटर नीचे) मापने वाले सीमेंट / कंक्रीट प्लेटफार्म का निर्माण करना होगा। इसी तरह बोर/कुएं के निर्माण पश्चात भूमि मालिक / ड्रिलिंग एजेंसी को स्टील प्लेट को वेल्डिंग करके या बोल्ट और नट के साथ केसिंग पाईप पर एक मजबूत कैंप लगाकर वेल असेंबली की कैपिंग करनी होगी। कुएं या बोर के मालिक को पंप की मरम्मत के मामले में ट्यूबवेल को खुला नहीं छोडा जाए। मरम्मत का कार्य पूर्ण होने के पश्चात मिटटी के गडडों और नालियों को भरना सुनिश्चित करेगें। अनुपयोगी बोर/कुएं को को मिटटी/रेत/बोल्डर/कंकड़/ ड्रिल कटिंग आदि से भरना सुनिश्चित करेगें। ड्रिलिंग होने के पश्चात जमीन की स्थिति पूर्ववत किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामवार बोर / कुएं के निर्माण पश्चात उपयोग में आने वाले बोर/कुओं की संख्या एवं अनुपयोगी बोर / कुओं की निगरानी / दस्तावेजीकरण ग्राम पंचायत / कृषि विभाग के माध्यम से किया जायेगा। शहरी क्षेत्रों में में उपरोक्त निगरानी / दस्तावेजीकरण नगरपालिका/परिषद / पंचायत द्वारा किया जावेगा जिसकी संख्यात्मक जानकारी उचित माध्यम से जिला स्तर पर भी प्रेषित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र यदि कोई बोर/कुआं किसी भी स्तर पर अनुपयोगी हो जाता है तो इसका एक प्रमाण-पत्र ग्राम पंचायत/कृषि विभाग को एवं शहरी क्षेत्र में नगरपालिका/परिषद/पंचायत को देना होगा। जिसमें इस आशय का स्पष्ट उल्लेख होगा कि परित्यक्त/अनुपयोगी बोरवेल को जमीनी स्तर तक ठीक प्रकार से भर दिया गया है। कार्यकारी एजेंसी/विभाग द्वारा परित्यक्त/अनुपयोगी बोरवेल का आकस्मिक निरीक्षण किया जाकर दस्तावेज संधारित किया जाएगा। उक्त दिशा-निर्देशों का पालन कुएं / बोर निर्माण किए जाने वाले सभी भूमि मालिक / ग्राम पंचायत एवं संबंधित विभागों द्वारा अनिवार्य रूप से किया जावेगा। उपरोक्त के अनुक्रम में राज्य शासन द्वारा सुरक्षात्मक उपायों को लागू किए जाने हेतु निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:- नलकूप खनन कार्य के पंजीयन एवं मॉनीटरिंग हेतु पोर्टलः विभिन्न विभागों / संस्थाओं/निजी व्यक्तियों द्वारा शासकीय/अशासकीय उपयोग हेतु खनित कराए जाने वाले नलकूपों की मॉनीटरिंग हेतु नलकूपों, नलकूप खनन करने वाली एजेंसी, मशीन तथा नलकूप खनन कराने वाले विभाग / संस्थाओं / व्यक्तियों की जानकारी को ट्रैक करने हेतु पोर्टल का निर्माण एम.पी.एस.ई.डी.सी. के माध्यम से कराया जा रहा है। इस पोर्टल पर नलकूप खनन मशीन, खनन एजेंसी को पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा इस पोर्टल पर नलकूप खननकर्ता/एजेंसी द्वारा नलकूप खनन संबंधी जानकारी दर्ज की जावेगी। पोर्टल का अनुश्रवण एवं उपयोग जिला कलेक्टर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा किया जाएगा। नगरीय निकायों तथा जिला/जनपद / ग्राम पंचायतों को नलकूप खनन से संबंधित जानकारी को पोर्टल पर नियमित अनुश्रवण करना होगा। नलकूप खनन की सूचना पोर्टल पर प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि खनन उपरांत संबंधित व्यक्ति / संस्था / विभाग द्वारा नलकूप के उपर हैंडपंप / सबमर्सिबल पंप स्थापित कर दिया गया है तथा यदि नलकूप में जल आवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है / जल आवक क्षमता कम प्राप्त होती है तो नलकूप की केसिंग के उपर स्टील प्लेट का कैंप लगाकर कैप को नट बोल्ट लगाकर केसिंग में फिक्स कर नलकूप के चारो ओर (0.50x0.50x0.60 meter 0.30 meter above ground level and 0.30 meter below ground level) के साईज का सीमेंट कांकीट ब्लॉक बनाया जाना होगा। यदि किन्हीं कारणों से नलकूप abandoned होता है, तो नलकूप को संबंधित नलकूप खननकर्ता एजेंसी/व्यक्ति द्वारा मिट्टी/रेत/मुरम आदि से जमीन की सतह तक भरने की कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी। खुले / बंद बोरवेल के केसिंग की कैपिंग का तकनीकी विवरण संलग्नक-01 अनुसार होगा ।

यदि भवन निर्माण अथवा अन्य कारणों के लिए नलकूप/पाइल का खनन किया जाता है, तो खनन की अवधि के दौरान कार्यस्थल की सुरक्षा/बैरिकेटिंग इस प्रकार की जाए, जिससे स्थल के आस-पास कोई बच्चा न पहुँचे सके । नगरीय निकायों, जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायतों से संबंधित जन प्रतिनिधियों एवं अभियंताओं तथा अन्य शासकीय अमले को नलकूप खनन के पश्चात उसकी सुरक्षा एवं नलकूप के खुले होने की स्थिति में सुरक्षात्मक कार्यवाही के संबंध में समुचित प्रशिक्षण दिया जाए एवं ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में इस संबंध में पर्याप्त प्रचार प्रसार भी किया जाए। ग्रामसभाओं तथा नगरीय निकायों की बैठकों में भी इसका प्रचार प्रसार किया जाए । राज्य शासन द्वारा उपरोक्तानुसार सुरक्षात्मक उपायों को लागू किए जाने की जिम्मेदारी संबंधित विभागों / संस्थाओं/एजेंसी / व्यक्तियों की होगी। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(2) के तहत एक पक्षीय आदेश पारित किया किया गया है। आदेश से व्यथित व्यक्ति दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(5) के अन्तर्गत कलेक्टर न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### आरईएस के कार्यपालन यंत्री हुए सेवानिवृत्त, धुर्वे संभालेंगे अतिरिक्त प्रभार

**बालाघाट।** ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री डीएस बघेल 30 अप्रैल को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए है। उनके सेवानिवृत होने के बाद ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग क्रमांक-01 बालाघाट के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज कुमार धुर्वे कार्य संचालन करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने अतिरिक्त प्रभार सौपने के आदेश जारी किए है। यह आदेश शासन से स्थायी रूप से आदेश जारी होने तक कार्य का संचालन करेंगे।

### प्रवेश चयन परीक्षा : 10 केंद्रों पर आयोजित हुई परीक्षा, मेरिट के आधार पर होगा चयन



**बालाघाट।** नगर मुख्यालय सहित तहसील क्षेत्रों में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा में हजारों की संख्या में बच्चों ने परीक्षा दी। इसमें नगर मुख्यालय में 4 केंद्र और तहसील स्तर पर 6 केंद्र बनाए गए थे। ज्ञात हो कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9 में प्रवेश के पहले परीक्षा कराई जाती है, जिससे कि बच्चों बौद्धिक ज्ञात हो सके। वहीं इस परीक्षा के माध्यम से बच्चों के जनरल नॉलेज परखा जाता। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन लिस्ट के आधार पर कर उन्हें उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश दिया जाता है ।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

**बालाघाट।** जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढपाले से प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 215 (3) अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग करने एवं सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई है। बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी है।

### डाकमत पत्र और ईवीएम से मतगणना का प्रशिक्षण कल

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन के तहत 19 अप्रैल को हुए मतदान के बाद अब मतगणना की तैयारियां प्रारम्भ हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी व प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि 2 मई को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### खाताधारक ने थाने में की शिकायत, प्रबंधक ने रखा अपना पक्ष

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक पर राशि हेरफेर करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कटंगी के खिलाफ एक खाताधारक ने कटंगी थाने में लिखित शिकायत कर हेर-फेर करते हुए तीस हजार रुपए की राशि का आहरण करने का आरोप लगाया है. पूरा मामला करीब 2 माह पुराना है और खाताधारक को राशि आहरण की जानकारी एक दिन पहले सोमवार को तब लगी जब उसने पासबुक एंट्री करवाई. इस पूरे मामले में बैंक प्रबंधक ने भी अपना पक्ष रखा है. आगरवाड़ा निवासी खाताधारक दसाराम टेम्भरे ने बताया कि जनवरी माह में धान का पैसा 1 लाख 37 हजार 894 रुपए खाते में जमा हुआ था. 16 फरवरी को वह पैसा निकालने के लिए बैंक गए थे 49 हजार रुपए का विड्रॉल भरा था. दोपहर में 02 बजे के पास उनका नाम आया लेकिन बैंक कर्मचारी ने खाता बंद होने की बात कहते हुए पैसे नहीं दिए और खाते को शुरू करवाने के लिए कहा था. जिसके बाद दसाराम ने 100 रुपए की राशि जमा करवाई. दसाराम के मुताबिक बैंक कर्मचारी ने विड्राल फार्म वापस नहीं किया शाम 06 बजे पासबुक लौटा दी गई. जिसके बाद वह घर चले गए और फिर 20 फरवरी को 49 हजार रुपए का पुनः विड्राल भरा और राशि लेकर चले गए.





इसके बाद 29 फरवरी को 50 हजार पुनः खाते से पैसे निकाले. इसके बाद कभी पैसे नहीं निकाले. उन्होंने बताया कि बैंक में अकसर भीड़ होने के कारण पासबुक में एंट्री नहीं करवाई लेकिन जब एक दिन पहले एंट्री करवाई तो 16 फरवरी को 30 हजार रुपए विड्रांल दिखा रहा है. बैंक के पास जो विड्रॉल है उसमें ओवर राइटिंग दिख रही है।

इस पूरे मामले में बैंक कार्यवाहक शाखा प्रबंधक बी.आर. लिल्हारे ने बताया कि वाउचर बैंक में रखा हुआ है. खाताधारक 16 फरवरी को आया था. जिसका खाता बंद था. खाताधारक को 100 रुपए जमा करवाया गया. प्रबंधक कहते है कि उस दिन कैश की कमी के कारण आगे पीछे हुआ होगा. खाताधारक को कहा गया होगा कि 17 तारीख को ले जा लेना या उसी दिन दिया गया होगा. बैंक प्रबंधक के अनुसार खाताधारक ने 17 फरवरी को 30 हजार, 20 फरवरी को 49 हजार और 29 फरवरी को 50 हजार रुपए का आहरण किया है. खाताधारक ने शिकायत की है कि उसने पैसे नहीं निकाला. तीन माह बाद शिकायतकर्ता आकर बोल रहा है कि पैसा नहीं निकाला तो चालान भरवाकर आवेदन लिया गया है. खैर, अब खाताधारक ने पुलिस में शिकायत की है. पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा।

## नंगाटोला टोल टैक्स नाके के पास की घटना : डम्पर की टक्कर से सायकल सवार एक बालिका की मौत, एक घायल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम नंगाटोला के समीप मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे साईकिल से नेवरगॉव की ओर आ रही दो सगी बहन डम्पर की चपेट में आ गई, जिससे एक बहन की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, वही दूसरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिसे शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी अनुसार सलंगटोला नेवरगॉव निवासी रजनी इनवाती उम्र 16 साल अपनी बहन संगीता कुरवैती के साथ सायकल से पैसे निकालने नेवरगॉव की ओर आ रही थी, तभी लालबर्रा रोड की ओर से आ रहे गिट्टी से भरे हुए एक तेज रफ्तार डम्पर ने उनकी सायकल को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे रजनी इनवाती डम्पर के टायर की चपेट में आ गयी, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। वही बहन संगीता कुरवैती थोडी दूर जा गिरी, जिससे उसे गंभीर चोटे आने की वजह से शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती कराया गया। जहॉ चिकित्सकों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट भेज दिया गया हैं।

घटना के तत्काल बाद ग्रामीणों ने घटनास्थल पर जाम लगा दिया। जिससे लगभग आधे घंटे तक वारासिवनी-लालबर्रा मार्ग पर जाम लगा रहा। घटना की जानकारी मिलने पर वारासिवनी पुलिस थाने से पुलिस बल घटना स्थल पर पहुॅचा। जहॉ पर उसने ग्रामीणों को समझाईस देकर जाम को खुलवाया और फिर 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल संगीता को शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी भेजा और पंचनामा कार्यवाही कर मृतिका रजनी के शव को वारासिवनी लाया गया। जहॉ मृतिका का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया हैं। पुलिस ने डम्पर को जप्त कर वारासिवनी पुलिस थाने में लाकर खड़ा कर लिया हैं, वहीं फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही हैं। इस दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ भादवि की धारा 304 अ, 279, 337 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसकी तलाश कर रही हैं।

### कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने 70 प्रतिशत वाली संस्थाओं के जिम्मेदारों को 8 दिन में करेंगे आंकलन

## बीआरसी, प्राचार्य और जनशिक्षकों ने बताए कम प्रतिशत के कारण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला पंचायत सभागृह में जिले के समस्त राज्य शिक्षा केंद्रों के बीआरसी, कक्षा 5 व 8 वी के प्राचार्य और जनशिक्षकों के साथ वर्ष 2023-24 के परिणामों का आंकलन किया। बैठक के दौरान डॉ. मिश्रा ने उन बीआरसी, प्राचार्य और जनशिक्षकों के साथ 7 दिनों में पुनः समीक्षा करेंगे, जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत से कम है। बैठक में ऐसे जिम्मेदारों ने बताए गए कारणों के दस्तावेज जैसे उपस्थिति रजिस्टर और अन्य जानकारी लेकर पहुचेंगे। साथ ही उन्होंने कटंगी, खैरलांजी, किरनापुर और सीएम राइज रजेगांव के प्राचार्य को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इनके अलावा अन्य बीआरसी, प्राचार्य और जनशिक्षकों को सस्पेंड करने के निर्देश दिए है। सस्पेंड के आदेश मंगलवार को ही जारी करने के निर्देश सर्व शिक्षा अभियान के डीपीसी को दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा, डीपीसी डॉ. महेश शर्मा, शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय और जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त पीएन चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

### कक्षा 5 में 75 और कक्षा 8 वी में 50 स्कूलों का 70 प्रतिशत से कम रहा प्रतिशत

समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उन सभी बीआरसी, जनशिक्षकों और प्राचार्य/प्रधानपाठकों से वन टू वन कारण जाने जिनकी संस्थाओं में 70 प्रतिशत से कम परिणाम रहा है। कक्षा 5 वी में कुल 26588 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें 25050 यानी 94.22 प्रतिशत और कक्षा 8 वी में कुल 26550 विद्यार्थी जिन्होंने परीक्षा दी थीं। उनमें से 24136 यानी 90.91 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए है। जबकि कक्षा 5 वी में 75 स्कूल ऐसे है जहां का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत से कम व कक्षा 8 में 50 स्कूलों का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत से कम रहा।

### इन पर होगी कार्यवाही

बैठक के दौरान समीक्षा में कम प्रतिशत का आंकलन नहीं करने तथा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर कुड़वा के प्रभारी प्राचार्य डीडी गणवीर, सावरी के हेडमास्टर मानसिंह उइके, सावरी के ही श्यामराव टेकाम, टेमनी के बालकृष्ण सोनवाने को सस्पेंड करने के निर्देश दिए है। इनके अलावा मावि टुइयापार के भागचंद गजभिये और धड़ी हाईस्कूल के शैलेंद्र वैद्य को शोकॉज नोटिस तथा खैरलांजी के बीआरसी शंकरलाल भगत को सस्पेंड करने के निर्देश दिए है।

## लांजी उत्पादन के डिप्टी रेंजर शेख रहूप सेवानिवृत्त



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पूर्व लांजी उत्पादन में पदस्थ डिप्टी रेंजर शेख रहूप कल 30 अप्रेल को सेवानिवृत्त हो गये हैं। डिप्टी रेंजर ने जानकारी देते हुए बताया कि लांजी उत्पादन कार्यालय में रिटायरमेंट का कार्यक्रम संपन्न हुआ। वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी उत्पादन लक्ष्मण मीना के द्वारा पुष्पमाला तथा शॉल, श्रीफल भेंट करते हुए उन्हें विदाई दी गई। शेख रहूप तीन वर्षों से लांजी उत्पादन में पदस्थ थे। अधिकांश सेवा उनकी किरनापुर में रही, विदाई के अवसर पर वन विभाग के समस्त स्टाप ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## बच्चों के हृदय रोग शिविर का हुआ सफलतापूर्वक आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय के मार्गदर्शन में एक दिवसीय हृदय रोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। सीएमएचओं डॉ. पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से 18 वर्ष तक के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले भर में कार्य कर रही आरबीएस के टीम के द्वारा चिन्ह अंकित किए गए बच्चों को शिविर में लाया गया। शिविर में कुल 189 बच्चों का पंजीयन किया गया और उन सभी बच्चों की शिशु हृदय रोग विशेषज्ञों के द्वारा इको मशीन से जांच की गई। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय दबड़घाव जिला चिकित्सालय बालाघाट के द्वारा बताया गया कि मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर के विशेषज्ञ डॉ. केएल उमा महेश्वर एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी तथा नारायण हृदयालय बेंगलुरु लिमिटेड मुंबई के शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. क्षितिज सेठ के द्वारा जांच की गई।

मंडला, सिवनी तथा जबलपूर के मरीजों की भी की गई जांच

नोडल अधिकारी श्री विक्रम सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुये बताया कि मंगलवार को मंडला जिले से 1 बच्चा सिवनी जिले से 5 एवं जबलपूर से 3 बच्चो की जांच की गई। जिसमे से सिवनी से 3 व मंडला से एक बच्चें को सर्जरी के लिए एस्टीमेट दिया गया तथा जाबलपुर के तीनो बच्चों को फॉलो अप किया गया। राजाराम चक्रवर्ती जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक के द्वारा जानकारी बताई गई कि आज शिविर में कुल 189 बच्चों का पंजीयन किया गया जिसमें 100 एक मेट्रो हॉस्पिटल के द्वारा किए गए एवं 89 नारायण हृदयालय मुंबई के द्वारा किए गए । मेट्रो हॉस्पिटल के द्वारा कल 53 बच्चों का फॉलो किया गया 26 बच्चों को सर्जरी के लिए चयनित किया गया एवं 21 बच्चे नॉर्मल पाए गए । इसी प्रकार नारायण हृदयालय मुंबई के द्वारा कुल 25 बच्चों को सर्जरी के लिए चयनित किया गया 13 बच्चे नॉर्मल पाए गए एवं 51 बच्चों का फॉलोअप किया गया। इस प्रकार कुल 51 बच्चों की सर्जरी के लिए चयनित किया गया तथा 10 बच्चो को मुम्बई में पुनः जांच के लिए बुलाया गया है।

डॉ. पांडेय ने सफलतापूर्वक शिविर के आयोजन के लिए समस्त आरबीएस के टीम एवं जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र डिस के समस्त टीम को बधाई दी एवं बच्चों के उपचार को शीघ्र करने के लिए आदेशित किया। शिविर में सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ परेश उपलव, जिला टीकाकरण अधिकारी श्री विक्रम सिंह ठाकुर, जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक डीईआईसी के साथ साथ समस्त आरबीएस के टीम एवं समस्त डीईआईसी स्टॉफ उपस्थित रहा।

## ग्राम मुर्री में दर्दनाक हादसा, तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, धटना स्थल पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किरनापुर से10किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत मुर्री शारद के बीच राधास्वामी सत्संग के सामने गोलाई पर मंगलवार को सुबह 07:30बजे सड़क हादसे में शारद निवासी गणेश लाल पिता लटी राम रहांगडाले उम्र 65 वर्ष का ट्रक एक्सीडेंट में दर्दनाक हादसा होने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीण नंदकिशोर ढ़ेकवार ,समीर रंहागडाले, राजू कुशराहे ,व योगेश ढ़ेकवार के द्वारा बताया गया कि वह सुबह 7:30 बजे शारद से मुर्री की ओर खेत की दवाई लेने के लिए जा रहा था कि सामने से आ रहा ट्रक जिसमें धान का भूसा भरा हुआ था कि ट्रक की टक्कर मारने से मृतक के मस्तक पर मार लगने के कारण उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई । जिसकी सूचना पुलिस थाना किरनापुर को दी गई जो तत्काल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर रवाना हुए और मृतक गणेश लाल रंहाग डाले के शव का पंचनामा कर पीएम हेतु किरनापुर अस्पताल भिजवाया गया जहां लाश का पीएम करवा कर शव को परिजनों को सोपा गया आगे की जांच नेहरू बहेरवंश एएसआई कर रहे है । ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए एस 6165 जो छत्तीसगढ़ नंदगांव से बालाघाट की ओर आ रहा था जिसमें धान का भूसा भरा हुआ था।

## अंतरराज्जीय बाइक चोर गिरफ्तार : कटंगी पुलिस को मिली सफलता, 08 बाइक भी की बरामद

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग शहरों में बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक अंतरराज्जीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को कटंगी पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता अर्जित की है. पुलिस ने इनके पास से अलग-अलग कंपनी की कुल 08 बाइक भी बरामद की है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर ने मंगलवार को कटंगी थाने में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए इस बात का खुलासा किया है. पुलिस ने जिन 03 चोरों को गिरफ्तार किया है. उनमें एक विकलांग के साथ एक नाबालिक अपराधी भी शामिल है. पुलिस ने चोरों के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है. तीनों ही आरोपियों को पुलिस ने माननीय व्यवहार न्यायालय के समक्ष पेश किया. प्रेसवार्ता में पुलिस ने बताया चोरी के मामले में राकेश पिता यशवंत हरिनखेड़े उम्र 26 वर्ष निवासी तिघरा थाना अरी, जिला सिवनी, अक्षय उर्फ पालेन्द्र पिता कुंवरसिंह पारधी उम्र 22 वर्ष निवासी शुक्ला थाना अरी जिला सिवनी और एक नाबालिक को गिरफ्तार किया है. तीनों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है. इसमें मुख्य आरोपी राकेश हरिनखेड़े के खिलाफ बाइक चोरी के गोंदिया महाराष्ट्र थाने में भी अपराध दर्ज है।



कटंगी थाना क्षेत्र में बीते दिनों हो रही लगातार बाइक चोरी की वारदातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस माणिक मणी कुमावत के निर्देशन पर चोरों का पता लगाने के लिए कटंगी पुलिस की एक टीम का गठन किया था. जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी जयंत सिंह मर्सकोले कर रहे थे. इस टीम के सदस्यों ने चोरी की वारदातों के बाद सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर चोरों की पतासाजी शुरू की और सबसे पहले राकेश को गिरफ्तार पूछताछ शुरू की. जिसने बताया कि उसने अपने दो साथियों के साथ कटंगी, सिवनी और छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ और राजनादगांव से बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है. चोरों को पकड़ने की इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपक गौतम, सहायक उपनिरीक्षक मंजूलाल दाहिया, प्रधान आरक्षक अनिल चौके, सायबर सेल प्रधान आरक्षक शोभेन्द्र डहरवाल, आरक्षक नीरज सनोडिया, विमलेश सिसोदिया, शिवम बघेल, सुमित ढांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस ने बताया कि आरोपी राकेश हरिनखेड़े के पास से बाइक क्रमांक एमएफ डिलक्स एमपी 50 एमएम 3164, हीरो होण्डा सीडी डॉन एमएच 31 बीजेड 9245, बजाज प्लसर एमएच 40 बीआर 0224, होण्डा सीबी साइन सीजी 07 बीवी 2565, स्पेंलडर प्लस सीजी 08 एन 5275, होण्डा साइन एमपी 22 एमसी 6615, स्पेलडर प्रो एमएच 49 क्यू 1448, एमएफ डिलक्स एमपी 22 एमडी 5763, हीरो होण्डा एमएच 35 एके 9099 और सीजी 04 डीजे 7170 वाहन जब्त किए गए है. इन बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने में जितनी भूमिका मुख्य आरोपी राकेश हरिनखेडे की होती थी उतनी ही भूमिका दिव्यांग अक्षय पारधी की भी होती थी. यह अलग-अलग राज्य के शहरों में जाकर वहां बस स्टेण्ड में खड़ी बाइक की रैकी करता था और फिर मौका मिलने ही वाहन की चोरी कर लेता था।

## 35 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंगलवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि सोमवार को 35 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 620 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, डाक मत पत्र स्ट्रांग रूम नोडल अधिकारी श्री राहुल नायक, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कठाने, एजी-3 विश्वेश्वर भगत तथा राजनितिक पार्टी भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, तुषार डहाके, भुरु पटेल, बीएसपी से गगन सोनी, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम, रघुवीर चौहान तथा पोस्टमेन राकेश उइके उपस्थित रहे।



SATPUDA ENGINEERING COLLEGE

Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP

4 Year Degree

B.Tech. & Polytechnic

3 Year Diploma

COMPUTER SCIENCE ENGG.|

MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL

Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,

www.satpudaengineeringcollege.com